रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS
सी ई एन - ०१/२०२४ - CEN - 01/2024
सहायक लोको पायलट की भर्ती / Recruitment of Assistant Loco Pilot

RRB ALP 2024 CBT 2

Assistant Loco Pilot · CEN 01/2024 · CBT 2 · Mechanic Tractor Trade · Question Paper

Hindi

All 2 Shifts (Sets) · Official Answer Key

About this Compilation

This booklet contains all **2 shift papers** of the **RRB ALP 2024 CBT 2 (Mechanic Tractor)** examination in **Hindi**, with the correct option marked as per the official answer key.

✓ Correct option (highlighted green)

1 of these 320 questions are shown in English. Our saved Hindi papers do not carry them in Hindi, so the official English version of the same question is printed instead and marked with a ENGLISH chip. Nothing here is machine translated.

15 questions of 02 May 2025, 9:30 AM - 12:00 PM are not in our bank in any language (not saved from any response sheet), so this paper prints 160 of 175 questions.

15 questions of 06 May 2025, 2:30 PM - 5:00 PM are not in our bank in any language (not saved from any response sheet), so this paper prints 160 of 175 questions.

How to use

- Use the **Index** page to jump directly to any set (clickable).
- Questions appear section by section in the order of the paper, numbered 1 onward.
- Diagram and wide-table questions appear at full width at the end of their section.
- The correct answer is highlighted in green with a tick.

More from QMaths

Check your marks, normalized score and zone-wise rank free at **rank.qmaths.in**. Master English vocabulary with the **Blackbook** app.

Toppers' Choice, Blackbook of English Vocabulary, Now available in App format : DOWNLOAD NOW

Index — All Sets (click to open)

Set 1 — 02 May 2025
9:30 AM - 12:00 PM

Set 2 — 06 May 2025
2:30 PM - 5:00 PM

Part A

100 Questions • Answer Key

Q1 Part A

किसी चालक की प्रतिरोधकता निम्नलिखित में से किस कारक पर निर्भर करती है?

A. चालक का व्यास
B. चालक का क्षेत्रफल
C. चालक का द्रव्यमान
D. चालक की प्रकृति ✓

Q2 Part A

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निश्चय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है।

कथन:
कुछ केले, लीची हैं।
सभी लीची, कीवी हैं।
कुछ कीवी, स्ट्रॉबेरी हैं।

निष्कर्ष:
1. सभी केलों के कीवी होने की संभावना है।
2. सभी कीवी, लीची हैं।

A. केवल निष्कर्ष 2 अनुसरण करता है
B. केवल निष्कर्ष 1 अनुसरण करता है ✓
C. न तो निष्कर्ष 1 और न ही 2 अनुसरण करता है
D. निष्कर्ष 1 और 2 दोनों अनुसरण करते हैं

Q3 Part A

किसी निश्चित कूट भाषा में,

'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की माता है',
'A − B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A × B' का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है' तथा
'A & B' का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'E & F + G − H × T' है, तो E का T से क्या संबंध है?

A. पत्नी का पिता
B. पत्नी की माता का भाई
C. पत्नी की माता का पिता ✓
D. पत्नी का भाई

Q4 Part A

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, इलेक्ट्रॉनिक संचार में डिजिटल हस्ताक्षर के प्राथमिक कार्य का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. यह गोपनीयता सुनिश्चित करने के लिए संपूर्ण संदेश के कंटेन्ट को एन्क्रिप्ट करता है।
B. यह प्राप्तकर्ता (recipient) को हस्ताक्षर ऐड करने से पहले डॉक्यूमेंट को एडिट करने की सुविधा देता है।
C. यह प्रेषक (sender) की पहचान सत्यापित करता है और संदेश की अखंडता सुनिश्चित करता है। ✓
D. यह भविष्य के संदर्भ के लिए सभी इलेक्ट्रॉनिक डॉक्यूमेंटों को स्वचालित रूप से संग्रहीत करता है।

Q5 Part A

6 पुरुष या 5 महिलाएं किसी कार्य को 7 दिनों में पूरा कर सकते हैं। 6 पुरुष 5 दिनों तक कार्य करते हैं और उसके बाद कार्य करना छोड़ देते हैं। शेष कार्य को 5 दिनों में पूरा करने के लिए आवश्यक महिलाओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 3
B. 4
C. 1
D. 2 ✓

Q6 Part A

यदि 50 : x :: x : 32, और x > 0 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

A. 40 ✓
B. 45.8
C. 38.7
D. 40.6

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q7 Part A

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. GMOT
B. NTVB ✔
C. FLNS
D. LRTY

Q8 Part A

निम्नलिखित में से कौन-सा संबंध सही **नहीं** है?

A. विद्युत शक्ति = वोल्टता × धारा
B. विद्युत शक्ति = वोल्टता / धारा ✔
C. विद्युत शक्ति = $(\text{धारा})^2$ × प्रतिरोध
D. विद्युत शक्ति = $(\text{वोल्टता})^2$ / प्रतिरोध

Q9 Part A

दस व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में, प्रत्येक पंक्ति में पाँच व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं कि आसन्न व्यक्तियों के बीच समान दूरी है।
पंक्ति I में A, B, C, D और E बैठे हैं और वे सभी दक्षिण की ओर अभिमुख है।
पंक्ति II में R, S, T, U और V बैठे हैं और वे सभी उत्तर की ओर अभिमुख है।
इस प्रकार प्रत्येक व्यक्ति, दूसरी पंक्ति के किसी एक व्यक्ति के सम्मुख बैठा है। A अपनी पंक्ति के दाहिने छोर पर बैठा है और U के सम्मुख है। R अपनी पंक्ति के मध्य में बैठा है और C के सम्मुख है। C और D के बीच में E बैठा है और वह T के सम्मुख है। S अपनी पंक्ति के दाहिने छोर पर बैठा है।

B के ठीक सम्मुख कौन बैठा है?

A. R
B. T
C. U
D. V ✔

Q10 Part A

निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह को # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

: HDI :: MIN : %

A. # = JFI, % = KGL
B. # = JFK, % = KGM
C. # = JFK, % = KGL ✔
D. # = JFK, % = KHL

Q11 Part A

2019 में अमित की आय ₹27,000 थी। उसकी आय में प्रत्येक वर्ष 10% की वृद्धि होती है। 2021 में उसकी आय (₹ में) कितनी थी?

A. 29,700
B. 32,670 ✔
C. 32,400
D. 27,000

Q12 Part A

एक तांबे के चम्मच को गर्म जल में डुबोया जाता है। इसके दूसरे सिरे पर क्या प्रभाव पड़ता है?

A. यह चालन द्वारा गर्म हो जाता है। ✔
B. यह संवहन द्वारा ठंडा हो जाता है।
C. यह संवहन द्वारा गर्म हो जाता है।
D. यह चालन द्वारा ठंडा हो जाता है।

Q13 Part A

निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, किसी परिपथ में विद्युत शक्ति P का उचित निरूपण **नहीं** करता है? (धारा, विभवांतर और प्रतिरोध को प्रतीकात्मक रूप से क्रमशः I, V और R के रूप में लिखा जाता है।)

A. $P = V^2/R$
B. $P = I^2R$
C. $P = IR^2$ ✔
D. $P = VI$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q14 Part A

976 × 265 + 976 × 735 को सरल कीजिए।

A. 752800

B. 876000

C. 976000 ✓

D. 658200

Q15 Part A

पृथ्वी पर किसी वस्तु का भार 60 N है। चंद्रमा के पृष्ठ पर इसका भार कितना होगा?

A. 600 N

B. 10 N ✓

C. 6 N

D. 60 N

Q16 Part A

स्थितिज ऊर्जा, ऊर्जा की निम्नलिखित में से किस श्रेणी में आती है?

A. ऊष्मीय ऊर्जा

B. रासायनिक ऊर्जा

C. प्रकाश ऊर्जा

D. यांत्रिक ऊर्जा ✓

Q17 Part A

रिंकू अपनी कार से 17 सेकंड में 136 मीटर की दूरी तय करता है। उसकी चाल (km/hr में) ज्ञात कीजिए।

A. 26

B. 28.8 ✓

C. 17

D. 11.6

Q18 Part A

एक व्यक्ति ने ₹8 प्रति 9 पेन तथा ₹8 प्रति पेन की दर से दो प्रकार के पेन खरीदे। यदि उसने दोनों प्रकार के पेन को बराबर संख्या में खरीदा और फिर उसने सभी पेन ₹6 प्रति पेन की दर से बेच दिए, तो उसका लाभ प्रतिशत कितना था?

A. 45%

B. 33%

C. 32%

D. 35% ✓

Q19 Part A

किसी वर्कशॉप में ईंधन अधिप्लवन (fuel spillage) के तुरंत बाद क्या किया जाना चाहिए?

A. जगह को खाली कर दें और अवशोषक पदार्थों का उपयोग करके अधिप्लाव को नियंत्रित करें ✓

B. वाष्पीकरण को रोकने के लिए इसे प्लास्टिक से ढक दें

C. इसे धोने के लिए पानी का उपयोग करें

D. इसे ऐसे ही छोड़ दें और बाद में पर्यवेक्षक को सूचित करें

Q20 Part A

एक ठोस घनाभ के तीन आसन्न फलकों का क्षेत्रफल 216 cm^2, 114 cm^2 और 19 cm^2 है। घनाभ का आयतन (cm^3 में) ज्ञात कीजिए।

A. 955

B. 532

C. 684 ✓

D. 880

Q21 Part A

निम्नांकित त्रिक में, अक्षरों का प्रत्येक समूह एक निश्चित तर्क का अनुसरण करते हुए अगले समूह से संबंधित है। दिए गए विकल्पों में से उस विकल्प का चयन कीजिए जो समान तर्क का अनुसरण करता हो।

TERM–ERTM–TMRE

A. WHEN–HWEN–WENH

B. ZERO–EZRO–ZREO

C. USER–RESU–REUS

D. VICE–ICVE–VECI ✓

Q22 Part A

औद्योगिक व्यवस्थापन (industrial settings) में ऊर्जा-दक्ष मशीनरी का उपयोग मुख्य रूप से ___________ में सहायता करता है।

A. ऊर्जा की खपत और उसके परिणामस्वरूप उत्पाद की लागत में वृद्धि करने

B. पुराने उपकरणों का जीवनकाल बढ़ाने

C. औद्योगिक ऊर्जा की आवश्यकता में कमी और उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने ✓

D. प्रचालन दक्षता में कमी करने

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q23 Part A

इंजीनियरी ड्राइंग में कार्यात्मक विमा (Functional Dimension (F)} के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

कथन 1: कार्यात्मक विमाएं, घटक या स्थान के कार्य (function) के लिए आवश्यक हैं।
कथन 2: कार्यात्मक विमाएं, आमतौर पर बिना किसी सीमा के दर्शाई जाती हैं।
कथन 3: कार्यात्मक विमाएं, केवल संदर्भ उद्देश्यों के लिए दर्शाई जाती हैं।

A. केवल कथन 1 और 2 सत्य हैं

B. केवल कथन 3 सत्य है

C. केवल कथन 2 और 3 सत्य हैं

D. केवल कथन 1 सत्य है ✓

Q24 Part A

8 cm भुजा वाले एक सम बहुभुज का क्षेत्रफल 112 cm^2 है। यदि केंद्र से बहुभुज की भुजा तक की लंबवत दूरी 7 cm है, तो बहुभुज की भुजाओं की संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 6

B. 4 ✓

C. 5

D. 7

Q25 Part A

एक ऐमीटर में 0 A से 2 A के बीच 20 विभाजन होते हैं। ऐमीटर का अल्पतमांक ______ है।

A. 0.1 A ✓

B. 1 A

C. 2 A

D. 0.2 A

Q26 Part A

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

A. ऊष्मारोधी और चालक दोनों ऊष्मा को अपने से आसानी से गुजरने देते हैं।

B. प्लास्टिक ऊष्मा का सुचालक है।

C. लकड़ी ऊष्मा की सुचालक है।

D. रसोईघर में, ऐलुमिनियम के बर्तनों का उपयोग किया जाता है क्योंकि ऐलुमिनियम ऊष्मा का सुचालक है। ✓

Q27 Part A

यदि $x^3 + y^3 = 16$ और $x + y = 4$ है, तो xy का मान ज्ञात कीजिए।

A. 4 ✓

B. 0

C. 3

D. 2

Q28 Part A

प्रीति, किरण, ग्रेस, अंकित, दीपक, नितिन और नीलम में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन होती है। प्रीति की परीक्षा गुरुवार को है। प्रीति और नितिन के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। ग्रेस की परीक्षा नितिन से ठीक पहले दिन है लेकिन सोमवार को नहीं है। ग्रेस और दीपक के बीच केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। नीलम की परीक्षा अंकित से पहले किसी दिन लेकिन किरण के बाद किसी दिन है। निम्नलिखित में से किसकी परीक्षा सोमवार को है?

A. किरण ✓

B. नितिन

C. नीलम

D. दीपक

Q29 Part A

निम्नलिखित में से किस पारिस्थितिक तंत्र में तापमान बहुत कम और हिमीभूत मृदा पायी जाती है?

A. मरुस्थल

B. टुंड्रा ✓

C. उष्णकटिबंधीय वर्षावन

D. चरागाह

Q30 Part A

निम्नलिखित में से कौन-सा पूरक प्रोटोकॉल है जो गैर-ASCII डेटा को ई-मेल के माध्यम से भेजने की सुविधा देता है?

A. मल्टीपर्पस इंटरनेट मेल एक्सटेंशन (MIME) ✓

B. मेलिंग लिस्टस (Mailing Lists)

C. DNS

D. HTTPS

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q31 Part A

4 ओम के चार प्रतिरोधक समांतर क्रम में संयोजित हैं। इसके बाद चार ऐसे समांतर क्रम संयोजनों को श्रेणीक्रम में संयोजित किया जाता है। समतुल्य प्रतिरोध ज्ञात कीजिए।

A. 1 ओम

B. 3 ओम

C. 4 ओम ✓

D. 2 ओम

Q32 Part A

विजय घर से ट्यूशन तक 10 m साइकिल चलाते हुए जाता है, फिर 5 m दुकान तक साइकिल चलाते हुए जाता है। वह उसी प्रकार, समान दूरी तय करते हुए घर वापस जाता है। पथ की कुल लंबाई ज्ञात कीजिए।

A. 30 m ✓

B. शून्य

C. 15 m

D. 20 m

Q33 Part A

निम्नलिखित श्रृंखला में से, केवल एक अक्षर-समूह गलत है। **गलत** अक्षर-समूह का चयन कीजिए।

PCO MEM JGK GIJ DKG AME

A. DKG

B. GIJ ✓

C. AME

D. JGK

Q34 Part A

SI मात्रक पद्धति के अनुसार, भौतिक राशियों को मापने के लिए प्रयुक्त किए जाने वाले मूल मात्रक कितने हैं?

A. 10

B. 4

C. 5

D. 7 ✓

Q35 Part A

1 किलोवाट घंटे (kW h) को जूल (joule) में परिवर्तित कीजिए।

A. $1 \text{ kw h} = 3.6 \times 10^3 \text{ J}$

B. $1 \text{ kw h} = 3.6 \times 10^6 \text{ J}$ ✓

C. $1 \text{ kw h} = 3.6 \times 10^7 \text{ J}$

D. $1 \text{ kw h} = 3.6 \times 10^5 \text{ J}$

Q36 Part A

दो प्लंबर, X और Y को उनके नियोक्ता द्वारा प्रतिदिन कुल ₹770 का भुगतान किया जाता है। यदि X को Y को भुगतान की गई राशि का 140% भुगतान किया जाता है, तो Y को प्रतिदिन कितना भुगतान (₹ में, दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित) किया जाता है?

A. 370.83

B. 320.83 ✓

C. 270.83

D. 220.83

Q37 Part A

निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) L R Ω Y A $ K ^ T J # Q & # E % S U ∗ £ B (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में एक अक्षर भी है?

A. दो ✓

B. एक

C. तीन

D. चार

Q38 Part A

ICT का उपयोग करके मोबाइल गवर्नेंस के उपयोग का निम्नलिखित में से कौन-सा लाभ **नहीं** है?

A. सरकार में पारदर्शिता और उत्तरदायित्वता में वृद्धि

B. नागरिकों के लिए सरकारी सेवाओं तक बेहतर पहुँच

C. सरकारी प्रक्रियाओं की दक्षता में वृद्धि

D. सरकार के लिए लागत में कमी ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

Q39 Part A

A, B, C, D, E और F एक ही इमारत की छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। D विषम क्रमांक वाले तल पर रहता है, लेकिन क्रमांक 3 नहीं। D और E जिन तलों पर रहते हैं उनका योगफल 7 है। A, C के ठीक नीचे वाले तल पर रहता है। F सबसे ऊपरी तल पर रहता है। E और F के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

- **A.** 3 ✔
- **B.** 4
- **C.** 1
- **D.** 2

Q40 Part A

निम्नलिखित में से घटकों का कौन-सा अनुक्रम, मुख्य रूप से निर्देशों को निष्पादित करने, स्थायी फर्मवेयर को संग्रहीत करने, प्रोग्राम निष्पादन के दौरान अस्थायी रूप से डेटा संग्रहीत करने और कंप्यूटर मदरबोर्ड पर हार्डवेयर घटकों को आपस में जोड़ने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए होता है?

- **A.** CPU - RAM - ROM - PCB
- **B.** PCB - ROM - CPU - RAM
- **C.** RAM - ROM - CPU - PCB
- **D.** CPU - ROM - RAM - PCB ✔

Q41 Part A

एक अस्पताल में, डॉक्टरों की संख्या और नर्सों की संख्या के बीच अनुपात 1 : 3 था। अस्पताल में 12 नए डॉक्टर के शामिल होने और 24 नर्सों के अस्पताल छोड़कर जाने से उनके बीच अनुपात 3 : 4 हो जाता है। अस्पताल से k और अधिक नर्सों के इस्तीफे के बाद, अनुपात 1 : 1 हो जाता है। k का मान ज्ञात कीजिए।

- **A.** 26
- **B.** 24
- **C.** 28
- **D.** 12 ✔

Q42 Part A

तीन संख्याओं का औसत 20 है। यदि दो संख्याएं 16 और 24 हैं, तो तीसरी संख्या ज्ञात कीजिए।

- **A.** 21
- **B.** 19
- **C.** 22
- **D.** 20 ✔

Q43 Part A

निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। X और Y को किस संख्या से प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर की दो संख्याओं द्वारा अनुसरण किया जाने वाला पैटर्न, :: के दाईं ओर की दो संख्याओं द्वारा अनुसरण किए जाने वाले पैटर्न के समान हो जाए?

(**नोट**: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)

X : 85 :: 36 : Y

- **A.** X = 44, Y = 73
- **B.** X = 42, Y = 73 ✔
- **C.** X = 43, Y = 77
- **D.** X = 42, Y = 71

Q44 Part A

ज्यामितीय आकृतियों के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

1. ज्यामितीय आकृतियाँ दो या दो से अधिक बिंदुओं, रेखाओं या वक्रों को जोड़कर बनाई गई परिबद्ध (enclosed) आकृतियाँ होती हैं।
2. ज्यामितीय आकृतियाँ सदैव खुले सिरे वाली होती हैं और केवल सरल रेखाओं से बनी होती हैं।

- **A.** केवल कथन 2 सत्य हैं
- **B.** न तो कथन 1 और न ही 2 सत्य है
- **C.** कथन 1 और 2 दोनों सत्य हैं
- **D.** केवल कथन 1 सत्य है ✔

Q45 Part A

यदि किसी परिपथ में 10 Ω, 20 Ω और 60 Ω के प्रतिरोधक समांतरक्रम में संयोजित हैं, तो परिपथ का कुल प्रतिरोध ज्ञात कीजिए।

- **A.** 90 Ω
- **B.** 20 Ω
- **C.** 60 Ω
- **D.** 6 Ω ✔

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▸ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q46 Part A

स्तंभों का मिलान कीजिए।

इंजीनियरिंग अनुप्रयोग इंजीनियरिंग ड्राइंग के प्रकार
A) योजना, बनाए जाने वाले घरों के अग्रभाग की ऊंचाई, नींव की ड्राइंग P) मैकेनिकल इंजीनियरिंग ड्राइंग
B) परिपथ आरेख और विद्युत संस्थापन ड्राइंग Q) इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग ड्राइंग
C) PCB ट्रैक ड्राइंग R) इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग ड्राइंग
D) कीलित जोड़ और वेल्डित जोड़ S) सिविल इंजीनियरिंग ड्राइंग

A. A-S ; B-P ; C-Q ; D-R
B. A-S ; B-R ; C-P ; D-Q
C. A-S ; B-R ; C-Q ; D-P ✓
D. A-P ; B-R ; C-Q ; D-S

Q47 Part A

जसप्रीत ने वार्षिक रूप से संयोजित होने वाली 20% वार्षिक ब्याज दर पर ₹58,550 जमा किए। 2 वर्ष बाद जसप्रीत को कुल कितनी धनराशि (₹ में) प्राप्त होगी?

A. 84,700
B. 84,312 ✓
C. 84,735
D. 83,876

Q48 Part A

एक निश्चित कूट भाषा में, 'BARE' को '8264' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'RIDS' को '3587' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'R' के लिए कूट क्या है?

A. 3
B. 6
C. 5
D. 8 ✓

Q49 Part A

₹3,520 मूल्य की एक दर्जन जोड़ी जींस 35% की छूट पर उपलब्ध हैं। ₹572 में कितनी जोड़ी जींस खरीदी जा सकती है?

A. 1
B. 5
C. 3 ✓
D. 2

Q50 Part A

यश और उसके पिता की आयु का योग 90 वर्ष है। जब यश की आयु उसके पिता की वर्तमान आयु के बराबर होगी, तब उसकी आयु अपने पुत्र सूरज की वर्तमान आयु की पांच गुनी होगी। जब यश की आयु उसके पिता की वर्तमान आयु के बराबर होगी, तब सूरज की आयु, यश की वर्तमान आयु से 12 वर्ष अधिक होगी। सूरज की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

A. 18 वर्ष
B. 16 वर्ष
C. 12 वर्ष ✓
D. 15 वर्ष

Q51 Part A

अग्निशामक यंत्र के उपयोग के संबंध में निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?
कथन 1: जहरीले धुएं की उपस्थिति की परवाह किए बिना किसी भी प्रकार के आग को बुझाने का प्रयास करना सुरक्षित है।
कथन 2: P.A.S.S. तकनीक, जिसका अर्थ है पुल, ऐम, स्क्वीज़ और स्वीप, अग्निशामक यंत्र के प्रभावी उपयोग के लिए अनुशंसित है।

A. केवल कथन 1 सही है।
B. कथन 1 और 2 दोनों सही हैं।
C. न तो कथन 1 और न ही 2 सही है।
D. केवल कथन 2 सही है। ✓

Q52 Part A

कार्यस्थल (workplace) पर संकटों की पहचान करने का सर्वोत्तम तरीका निम्नलिखित में से कौन-सा है?

A. नियमित सुरक्षा निरीक्षण करना ✓
B. दुर्घटनाओं की रिपोर्ट करने के लिए कर्मचारियों पर निर्भर रहना
C. किसी घटना के घटित होने की प्रतीक्षा करना
D. छोटे जोखिमों की उपेक्षा करना

Q53 Part A

अधिकांश पारिस्थितिक तंत्रों के लिए ऊर्जा का प्राथमिक स्रोत क्या है?

A. मृदा
B. जल
C. सूर्य का प्रकाश ✓
D. पवन

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

Q54 Part A

आठ व्यक्ति दो समांतर पंक्तियों में बैठे हैं जिनमें से प्रत्येक पंक्ति में 4 व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं कि आसन्न व्यक्तियों के बीच समान दूरी है। पंक्ति 1 में A, B, C और D बैठे हैं, और वे सभी दक्षिण की ओर अभिमुख हैं। पंक्ति 2 में P, Q, R और S बैठे हैं, और वे सभी उत्तर की ओर अभिमुख हैं। इस प्रकार, प्रत्येक व्यक्ति दूसरी पंक्ति के किसी अन्य व्यक्ति की ओर अभिमुख होकर बैठा है। P और Q के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। A, P के ठीक बाएं पड़ोस में बैठे व्यक्ति के अभिमुख है। R, S के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। D, C के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है। निम्नलिखित में से कौन, P के अभिमुख है?

A. D

B. B ✓

C. A

D. C

Q55 Part A

किसी निश्चित कूट भाषा में, 'CARD' को '8674' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है' और 'MICE' को '3517' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'C' के लिए कूट क्या है?

A. 7 ✓

B. 6

C. 1

D. 8

Q56 Part A

SI पद्धति में, निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प मूल राशियों का सर्वोत्तम वर्णन करता है?

A. लंबाई, द्रव्यमान, समय ✓

B. तापमान, दाब, आयतन

C. दूरी, चाल, त्वरण

D. बल, शक्ति, ऊर्जा

Q57 Part A

नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएँ करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी तरह, दूसरी संख्या पर निश्चित गणितीय संक्रियाएँ करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी तरह आगे की संख्याएँ प्राप्त की जाती है। दिए गए विकल्पों में से कौन-सा विकल्प, संक्रियाओं के समान समुच्चय का अनुसरण करता है जो दिए गए सेटों में हैं?

(**नोट**: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)

3 - 9 - 12 - 24; 4 - 16 - 20 - 40

A. 6 - 12 - 18 - 34

B. 7 - 49 - 56 - 122

C. 9 - 2 - 11 - 24

D. 1 - 1 - 2 - 4 ✓

Q58 Part A

यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

38 C 32 A 4 D 5 B 7 = ?

A. 10

B. 11 ✓

C. 9

D. 8

Q59 Part A

0 से 10 A परास का एक ऐमीटर 7.5 A की धारा निरूपित करता है। यदि इसका वास्तविक मान 6.2 A है, तो आपेक्षिक त्रुटि ______ है।

A. 13%

B. 17.33%

C. 4.8%

D. 20.96% ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q60 Part A

किसी पारिस्थितिकी तंत्र में अपना भोजन स्वयं उत्पादित करने वाले जीवों का वर्णन करने के लिए किस शब्द का प्रयोग किया जाता है?

A. उत्पादक ✓
B. अपघटक
C. शाकाहारी
D. उपभोक्ता

Q61 Part A

दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

185 174 163 152 ? 130

A. 141 ✓
B. 144
C. 143
D. 142

Q62 Part A

निम्नलिखित में से कौन-सी त्रिविमीय ज्यामितीय आकृति में आठ शीर्ष और छह आयताकार फलक होते हैं?

A. बेलन (Cylinder)
B. घनाभ (Cuboid) ✓
C. पिरामिड (Pyramid)
D. समांतर चतुर्भुज (Parallelogram)

Q63 Part A

ISO-A आकार श्रृंखला के अनुसार, 297 mm × 420 mm विमा वाली ट्रिम की गई शीट का नाम (designation) क्या है?

A. A1
B. A3 ✓
C. A4
D. A2

Q64 Part A

बर्फ का आंतरिक तापमान मापने के लिए किस प्रकार के थर्मामीटर का उपयोग किया जाता है?

A. प्रयोगशाला थर्मामीटर ✓
B. इंफ्रारेड थर्मामीटर
C. डॉक्टरी थर्मामीटर
D. डिजिटल थर्मामीटर

Q65 Part A

एक फल विक्रेता के पास शुरू में कुछ सेब थे। उनमें से 40% सेब उसने बेच दिए और फिर भी उसके पास 300 सेब बच गए। शुरू में उसके पास कितने सेब थे?

A. 600
B. 450
C. 750
D. 500 ✓

Q66 Part A

तापमान मापने के लिए निम्नलिखित में से किस उपकरण का उपयोग किया जाता है?

A. थर्मामीटर ✓
B. ओडोमीटर
C. हाइग्रोमीटर
D. वोल्टमीटर

Q67 Part A

कार्य करने की दर को ______ के रूप में जाना जाता है।

A. स्थितिज ऊर्जा
B. शक्ति ✓
C. गतिज ऊर्जा
D. बल

Q68 Part A

अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित **नहीं** है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

A. HO – QW
B. AH – JR ✓
C. JQ – SY
D. GN – PV

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

Q69 Part A

जब 50 kg द्रव्यमान की वस्तु को क्षैतिज रेखा के अनुदिश एक बिंदु से अन्य बिंदु तक ले जाया जाता है, तो वस्तु पर गुरुत्वाकर्षण बल द्वारा किया गया कार्य कितना है? (g = 10 m/s^2)

A. 50 J

B. -500 J

C. शून्य ✓

D. 500 J

Q70 Part A

गर्म जलवायु वाले क्षेत्रों में, घर की बाह्य दीवारों का रंग सफेद रखना पसंद किया जाता है क्योंकि ______________

A. सफेद रंग दीवार को अधिक टिकाऊ बनाता है।

B. सफेद रंग अच्छा दिखता है।

C. सफेद रंग सूर्य के प्रकाश को परावर्तित करके घर का आंतरिक वातावरण ठंडा रखता है। ✓

D. सफेद रंग अधिक सूर्य का प्रकाश अवशोषित करके घर को उज्ज्वल बनाता है।

Q71 Part A

ऋणात्मक किया गया कार्य के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. किया गया कार्य ऋणात्मक नहीं हो सकता।

B. जब बल, विस्थापन के लंबवत होता है, तो किया गया कार्य ऋणात्मक होता है।

C. जब बल, विस्थापन की दिशा के विपरीत कार्य करता है, तो किया गया कार्य ऋणात्मक होता है। ✓

D. जब बल और विस्थापन एक ही दिशा में हों, तो किया गया कार्य ऋणात्मक होता है।

Q72 Part A

गणपत बिंदु A से चलना शुरू करता है और पश्चिम की ओर 18 m चलता है। वह बाएं मुड़ता है, 32 m चलता है, फिर बाएं मुड़ता है, 26 m चलता है, फिर बाएं मुड़ता है, 61 m चलता है और बिंदु B पर रुक जाता है। मीना बिंदु Z से चलना शुरू करती है, जो बिंदु A के पूर्व में 22 m की दूरी पर है। वह उत्तर की ओर 42 m चलती है, दाएं मुड़ती है, 35 m चलती है, दाएं मुड़ती है और 13 m चलती है और बिंदु Y पर रुक जाती है। बिंदु B और बिंदु Y के बीच न्यूनतम दूरी ज्ञात कीजिए। (सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के मोड़ हैं।)

A. 49 m ✓

B. 57 m

C. 43 m

D. 52 m

Q73 Part A

5 परिणामों का औसत 51 है और उनमें से पहले 4 परिणामों का औसत 50 है। $5^{वां}$ परिणाम _____ है।

A. 55 ✓

B. 54

C. 50

D. 51

Q74 Part A

दी गई अक्षरांकीय शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

G5, I10, L15, N20, Q25, S30, ?

A. V35 ✓

B. V40

C. U35

D. W35

Q75 Part A

निम्नलिखित में से कौन-सी क्रियाएं, फिसलने और गिरने से होने वाली चोटों को रोकने में सहायता करती हैं?

A. गीले फर्श पर सावधानी से चलना

B. छलकन (spills) को तुरंत साफ़ करना और चेतावनी संकेतों का उपयोग करना ✓

C. पैदल पथ में अव्यवस्था की उपेक्षा करना

D. सुविधा के लिए ढीले जूते पहनना

Q76 Part A

10 km/hr का मान SI मात्रक में क्या होगा?

A. 10 m/s

B. 0.16 m/s

C. 2.7 m/s ✓

D. 1000 m/s

Q77 Part A

गतिज ऊर्जा और स्थितिज ऊर्जा को संयुक्त रूप से ऊर्जा का कौन-सा रूप कहा जाता है?

A. रासायनिक

B. ऊष्मीय

C. यांत्रिक ✓

D. नाभिकीय

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q78 Part A

निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) ^ T J # * £ B L R Ω Y # E % S U $ K Q & (दाएं)

ऐसे कितने अक्षर हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद में एक प्रतीक भी है?

A. दो
B. चार ✓
C. तीन
D. एक

Q79 Part A

निम्नलिखित में से कौन-सी विधि, विषाक्त धूल के निपटान के लिए सबसे सुरक्षित विधि है?

A. इसे तनुकरण के लिए वायु में छोड़ देना।
B. इसे नियमित कूड़ेदानों में डालना।
C. इसे खुले क्षेत्रों में झाड़ना।
D. विशेष खतरनाक अपशिष्ट निपटान कंटेनरों का उपयोग करना। ✓

Q80 Part A

5.74 g द्रव्यमान का एक घन, 1.2 cm^3 आयतन घेरता है। सार्थक अंकों की सही संख्या के साथ व्यक्त किया गया घनत्व (g/cm^3 में) ______ है।

A. 4.78
B. 4.8 ✓
C. 4.7833
D. 4.783

Q81 Part A

मानव शरीर का औसत तापमान कितना होता है?

A. 42°C
B. 37°C ✓
C. 40°C
D. 32°C

Q82 Part A

72 km/hr की चाल से चलने वाली 280 m लंबी ट्रेन एक प्लेटफॉर्म को 30 सेकंड में पार करती है। प्लेटफॉर्म की लंबाई (m में) ज्ञात कीजिए।

A. 300
B. 320 ✓
C. 335
D. 280

Q83 Part A

दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
I. कुछ डेस्क, टेबल हैं।
II. सभी टेबल, कैबिनेट हैं।
III. सभी कैबिनेट, बेड हैं।

निष्कर्ष:
I. कुछ बेड, टेबल हैं।
II. सभी कैबिनेट, डेस्क हैं।

A. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।
B. न तो निष्कर्ष I और न ही निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
C. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।
D. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है। ✓

Q84 Part A

निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सत्य है/हैं?

कथन 1: ऊष्मा चालक ऊष्मा को आसानी से अपने से गुजरने देते हैं।
कथन 2: सभी प्लास्टिक ऊष्मा के सुचालक होते हैं।

A. केवल कथन 2
B. कथन 1 और कथन 2 दोनों
C. न तो कथन 1 और न ही कथन 2
D. केवल कथन 1 ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q85 Part A

दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

893 891 889 887 ? 883

A. 986

B. 885 ✓

C. 886

D. 985

Q86 Part A

20 Ω और 30 Ω प्रतिरोध के दो प्रतिरोधक, एक परिपथ में श्रेणी क्रम में संयोजित हैं। यदि दिया गया वोल्टेज 250 V है, तो परिपथ में पारेषित होने वाला धारा ज्ञात कीजिए।

A. 5 A ✓

B. 12 A

C. 20 A

D. 8 A

Q87 Part A

मेघा ने अंकित मूल्य पर 18% की छूट पाने के बाद ₹1,271 में एक बैग खरीदा। बैग का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।

A. ₹1,450

B. ₹1,350

C. ₹1,650

D. ₹1,550 ✓

Q88 Part A

निम्नलिखित में से कौन-सा रव स्तर (noise level), दीर्घकालिक समय तक अनुभव किए जाने पर मानव स्वास्थ्य के लिए संभावित रूप से हानिकारक माना जाता है?

A. 50 dB

B. 30 dB

C. 90 dB ✓

D. 70 dB

Q89 Part A

निम्नलिखित में से कौन, राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल पर अपलोड किए गए आवेदकों के क्रेडेंशियल और दस्तावेजों का सत्यापन करेगा?

A. वह विश्वविद्यालय/संस्थान जिसमें आवेदक अध्ययन कर रहा है। ✓

B. सरकार

C. राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल

D. तृतीय पक्ष (थर्ड पार्टी)

Q90 Part A

यदि किसी संख्या का $\frac{5}{9}$ उस संख्या के $\frac{1}{2}$ से 6 अधिक है, तो वह संख्या ज्ञात कीजिए।

A. 108 ✓

B. 104

C. 106

D. 102

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q91 Part A

46 m लंबाई और 8 m चौड़ाई वाली एक आयताकार कार्ड-बोर्ड शीट से 3 m, 2 m और 1 m त्रिज्या की तीन वृत्ताकार प्लेटें काटी जाती हैं। यदि कार्ड-बोर्ड शीट के शेष भाग का क्षेत्रफल, एक वर्ग के क्षेत्रफल के बराबर है, तो वर्ग की प्रत्येक भुजा की लंबाई ज्ञात कीजिए। ($\pi = \frac{22}{7}$ का उपयोग कीजिए)

A. 14 m

B. 20 m

C. 16 m

D. 18 m ✓

Q92 Part A

$\frac{1}{3}$

A. $\frac{7}{9}$

B. $\frac{2}{9}$

C. $\frac{4}{9}$ ✓

D. $\frac{5}{9}$

Q93 Part A

यदि $x = 7 + \sqrt{5}, y = 7 - \sqrt{5}$ है, तो $x^2 + y^2$ का मान ज्ञात कीजिए।

A. 124

B. 96

C. 108 ✓

D. 137

Q94 Part A

विज्ञान में, किये गये कार्य (Work done) को _______ के रूप में परिभाषित किया जाता है।

A. बल × विस्थापन ✓

B. $\frac{\text{बल}}{\text{दूरी}}$

C. बल × दूरी

D. $\frac{\text{बल}}{\text{विस्थापन}}$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q95 Part A

दिए गए आरेख का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। विभिन्न वर्गों में संख्याएँ अलग-अलग डेजर्ट पसंद करने वाले बच्चों की संख्या को दर्शाती हैं।



संदर्भ:
Chocolates - चॉकलेट
Pastries - पेस्ट्री
Icecream - आइसक्रीम

कितने बच्चों को पेस्ट्री और आइसक्रीम दोनों पसंद हैं लेकिन चॉकलेट नहीं?

A. 8 ✓

B. 6

C. 9

D. 7

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play
generated by rank.qmaths.in

Q96 Part A

दिए गए बार-ग्राफ का अध्ययन कीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।

दिए गए बार-ग्राफ में एक बिल्डर द्वारा वर्ष 2020 में पांच अलग-अलग शहरों में बेचे गए फ्लैटों की संख्या को दर्शाया गया है।



दिल्ली में बेचे गए फ्लैटों की संख्या, मुंबई में बेचे गए फ्लैटों की संख्या से कितने प्रतिशत अधिक है?

A. 75%

B. 120%

C. 150% ✔

D. 125%

Q97 Part A

$\frac{p^2 - n^2}{pn}$

A. $\frac{\tan A}{\sec A}$

B. $\sin A. \cos A$ ✔

C. $\cot A. \cos A$

D. $= \cos A \ \text{Cot} A$

Q98 Part A

निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजक, विद्युत शक्ति के लिए सही **नहीं** है?

A. $P = \frac{V^2}{R}$

B. $P = \frac{I^2}{R}$ ✔

C. P = VI

D. 4. $P = I^2R$

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

Q99 Part A

एक टंकी में दो इनलेट I_1 और I_2 हैं। I_1 अकेले इसे 8 घंटे में और I_2 अकेले इसे 4 घंटे में भर सकता है। यदि दोनों इनलेट खुले हैं, तो टंकी को भरने में कितना समय लगेगा?

- A. $2\frac{2}{3}$ ✓
- B. $4\frac{2}{3}$
- C. 2
- D. $3\frac{2}{3}$

Q100 Part A

परिपथ आरेख में नीचे दिया गया प्रतीक क्या दर्शाता है?

- A. प्रतिरोधक
- B. वोल्टमीटर
- C. परिवर्ती प्रतिरोधक ✓
- D. वोल्टता स्रोत

Part B (Mechanic Tractor)

60 Questions • Answer Key

Q101 Part B (Mechanic Tractor)

35 mm की प्रत्येक भुजा वाला एक समबाहु त्रिभुज बनाने के लिए निम्नलिखित चरणों को सही क्रम में व्यवस्थित कीजिए।

1. CA और CB को मिलाइए।
2. एक रेखा खींचिए और त्रिभुज की भुजा के रूप में AB को 35 mm चिह्नित कीजिए।
3. त्रिज्या AB तथा A और B केंद्र मानकर, C पर काटते हुए चाप बनाइए।
4. ABC अभीष्ट त्रिभुज है।

- A. 2, 1, 3, 4
- B. 2, 3, 1, 4 ✓
- C. 3, 2, 1, 4
- D. 1, 2, 4, 3

Q102 Part B (Mechanic Tractor)

गैर-कार्यात्मक विमाएं (Non-functional dimensions) _____________ होती हैं।

- A. स्थान या घटक के कार्य के लिए आवश्यक
- B. स्थान (space) या घटक (component) के कार्य के लिए आवश्यक नहीं ✓
- C. सीधे ड्राइंग पर दिए गए मानों से व्युत्पन्न
- D. ड्राइंग की संबंधित विशेषताओं के मानों से व्युत्पन्न

Q103 Part B (Mechanic Tractor)

विद्युत भंग (power failure) होने के दौरान एक महत्वपूर्ण सुरक्षा उपाय निम्नलिखित में से कौन-सा है?

- A. विद्युत की स्थिति की पुष्टि किए बिना उपकरणों का उपयोग जारी रखना।
- B. रोशनी के लिए मोमबत्तियों का उपयोग करना।
- C. अलार्म सिस्टम की उपेक्षा करना।
- D. सुनिश्चित करना कि सभी मशीनें और विद्युत उपकरण बंद हों। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q104 Part B (Mechanic Tractor)

गास्केट, सील और अंतरक (spacers) ______________ का उपयोग करके बनाए जाते हैं।

A. पिन पंच (pin punch)

B. सेंटर पंच (centre punch)

C. प्रिक पंच (prick punch)

D. खोखले पंच (hollow punch) ✓

Q105 Part B (Mechanic Tractor)

निम्नलिखित में से कौन-सा तत्व स्नेहन तेल में प्रति-निघर्षण योजक (anti-wear additive) के रूप में प्रयुक्त किया जाता है?

A. बेरियम (Ba)

B. कैल्शियम (Ca)

C. बोरोन (B)

D. कॉपर (Cu) ✓

Q106 Part B (Mechanic Tractor)

किसी परिपथ में तीन प्रतिरोधक हैं, जो 15 ओम, 10 ओम और 20 ओम के हैं। 10-ओम और 20-ओम के प्रतिरोधकों के समांतर क्रम संयोजन के साथ 15-ओम का प्रतिरोधक श्रेणीक्रम में है। यदि परिपथ में 24 V की बैटरी लगाई जाती है, तो परिपथ से प्रवाहित होने वाली कुल धारा ज्ञात कीजिए।

A. 1.1 A ✓

B. 2.1 A

C. 0.1 A

D. 3.1 A

Q107 Part B (Mechanic Tractor)

निम्नलिखित में से किस प्रकार के प्लायर का उपयोग तारों में लूप का आकार देने और हल्की धातु की पट्टियों में वक्र बनाने के लिए किया जाता है?

A. अंत कर्तन प्लायर (End cutting pliers)

B. सर्पण जोड़ प्लायर (Slip-joint pliers)

C. चपटे मुख वाला प्लायर (Flat nose pliers)

D. गोलमुख प्लायर (Round nose pliers) ✓

Q108 Part B (Mechanic Tractor)

एक प्रकार का आंतरिक स्प्रिंग बल, जो प्रयुक्त सामग्री के डिजाइन और गुणों पर आधारित पिस्टन वलय को विस्तारित करता है, ______ द्वारा निर्धारित किया जाता है।

A. प्रणोदित पिस्टन वलय अंतराल

B. संपीडित वलय अंतराल

C. संपीडित स्प्रिंग वलय अंतराल

D. मुक्त पिस्टन वलय अंतराल ✓

Q109 Part B (Mechanic Tractor)

निम्नलिखित में से कौन-सा मापयंत्र, प्लंजर या कंटिका (stylus) के छोटे संचलन के आवर्धन के सिद्धांत पर कार्य करता है, जिसे वृत्ताकार पैमाने पर संकेतक की घूर्णी गति में परिवर्तित किया जाता है?

A. वर्नियर कैलिपर (Vernier caliper)

B. डायल टेस्ट इंडिकेटर (Dial test indicator) ✓

C. माइक्रोमीटर (Micrometer)

D. दाब प्रमापी (Pressure gauge)

Q110 Part B (Mechanic Tractor)

इंजीनियरी ड्राइंग में पिन और क्लिप का उपयोग किस उद्देश्य के लिए किया जाता है?

A. ड्राइंग शीट को ड्राइंग बोर्ड पर मजबूती से स्थिर रखना ताकि वह हिले-डुले नहीं ✓

B. विमाओं को स्थानांतरित करना और रेखाओं को बराबर भागों में बांटना

C. क्षैतिज रेखाएँ, समानांतर रेखाएँ खींचना और सेट स्क्वेयर का संचालन करना/पकड़ना

D. ड्राइंग बनाने के लिए ड्राइंग पेपर/ट्रेसिंग पेपर को सपोर्ट देना

Q111 Part B (Mechanic Tractor)

आपातकालीन निकासी योजना (emergency evacuation plan) का क्या उद्देश्य है?

A. आपातकालीन स्थिति के दौरान सुरक्षित और व्यवस्थित निकासी सुनिश्चित करना ✓

B. उत्पादकता में वृद्धि करना

C. श्रमिकों को जल्दी जाने की सुविधा प्रदान करना

D. सुरक्षा अभ्यासों की उपेक्षा करना

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q112 Part B (Mechanic Tractor)

किसी पदार्थ को ऊष्मा उपचार देने का क्या लाभ है?

A. तीक्ष्ण किनारों वाले सर्जिकल चाकू बनाने के लिए ✓

B. पदार्थ का वजन बढ़ाने के लिए

C. इसे एक तत्व से दूसरे तत्व में बदलने के लिए

D. पदार्थ के गलनांक को कम करने के लिए

Q113 Part B (Mechanic Tractor)

बल प्रवर्धन (force amplification) के लिए प्रयुक्त औजार का क्या नाम है?

A. लीवर (Lever) ✓

B. व्हील (Wheel)

C. ऐलेन की (Allen key)

D. स्क्रू ड्राइवर (Screw driver)

Q114 Part B (Mechanic Tractor)

निम्नलिखित में से रेती (file) का कौन-सा भाग रेती को पकड़ने के लिए टैंग (tang) पर फिट किया गया भाग है?

A. टिप या पॉइंट (Tip or Point)

B. एज (Edge)

C. टैंग (Tang)

D. हैंडल (Handle) ✓

Q115 Part B (Mechanic Tractor)

पिस्टन बेयरिंग के निर्माण के लिए निम्नलिखित में से किस धातु का उपयोग **नहीं** किया जाता है?

A. सिलिकॉन

B. सीसा

C. तांबा

D. ढलवाँ लोहा ✓

Q116 Part B (Mechanic Tractor)

धारा को मापने के लिए मल्टीमीटर का उपयोग करते समय, निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है?

A. मल्टीमीटर को केवल प्रतिरोधी घटकों के बीच जोड़ा जाता है।

B. मल्टीमीटर को सीधे विद्युत स्रोत से जोड़ा जाता है।

C. मल्टीमीटर को लोड के साथ श्रेणी क्रम में जोड़ा जाता है। ✓

D. मल्टीमीटर को लोड के साथ समांतर क्रम में जोड़ा जाता है।

Q117 Part B (Mechanic Tractor)

इंजन के प्रचालन के दौरान कैमशैफ्ट के साथ अनोन्यक्रिया करने वाले वाल्व के शीर्ष भाग का सही नाम क्या है?

A. टिप (Tip) ✓

B. मशरुम (Mushroom)

C. बटरफ्लाई (Butterfly)

D. पपेट (Puppet)

Q118 Part B (Mechanic Tractor)

निम्नलिखित में से किस वाइस (vice) में हैंडल और एक छोर पर छोटा कॉलेट चक (collet chuck) होता है?

A. पिन वाइस (Pin vice) ✓

B. टूलमेकर का वाइस (Toolmaker's vice)

C. पाइप वाइस (Pipe vice)

D. हैंड वाइस (Hand vice)

Q119 Part B (Mechanic Tractor)

सड़क पर वाहन चलाने के लिए इंजन टॉर्क को ड्राइविंग पहियों (driving wheels) तक पारेषित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी प्रणाली प्रयुक्त की जाती है?

A. पारेषण प्रणाली (Transmission system) ✓

B. चर्तुदंड श्रृंखला यंत्रावली (Four bar chain mechanism)

C. स्टीयरिंग प्रणाली (Steering system)

D. विभेदी गियर यंत्रावली (Differential gear mechanism)

Q120 Part B (Mechanic Tractor)

कार्यस्थल में सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन करना प्रत्येक व्यक्ति के लिए क्यों महत्वपूर्ण होता है?

A. परिचालन लागत को सार्थक रूप से कम करने के लिए

B. लगातार पर्यवेक्षण की आवश्यकता को सीमित करने के लिए

C. समग्र उत्पादन दक्षता वृद्धि के लिए

D. जोखिमों को कम करने और दुर्घटनाओं से बचने के लिए ✓

Q121 Part B (Mechanic Tractor)

ब्रेकिंग सिस्टम में मास्टर सिलेंडर का मुख्य कार्य क्या है?

A. ब्रेक के द्रव स्तर को मापना

B. ब्रेक संचालित करने के लिए हाइड्रोलिक दाब का निर्माण करना ✓

C. सड़क से कंपन को अवशोषित करना

D. इंजन की चाल को नियंत्रित करना

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q122 Part B (Mechanic Tractor)

कार की क्लच प्रणाली का महत्वपूर्ण घटक क्लच हाउसिंग (clutch housing) पर स्थित होता है, जो एक खोखली शैफ्ट (hollow shaft) के अनुदिश स्लाइड करता है और द्रवचालित या केबल दाब की सहायता से क्लच फोर्क (clutch fork) के माध्यम से गति करता है, उसे ____________ कहा जाता है।

A. क्लच रिलीज बियरिंग (clutch release bearing) ✓
B. कुशन कमानी (cushion spring)
C. लीवर (lever)
D. फोर्क आर्म (fork arm)

Q123 Part B (Mechanic Tractor)

12 cm × 10 cm विमाओं वाली एक आयताकार शीट में से 3 cm त्रिज्या का एक वृत्तीय छिद्र काटा जाता है। शेष क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

(π = 3.14 लीजिए)

A. 100 cm^2
B. 91.74 cm^2 ✓
C. 95.86 cm^2
D. 75.74 cm^2

Q124 Part B (Mechanic Tractor)

जब कोई व्यक्ति विद्युत उपकरणों के संपर्क में आता है तो विद्युत अभिघात का मुख्य कारण क्या है?

A. उपकरणों का उपयोग बहुत लंबे समय तक किया जाता है।
B. विद्युत उपकरण उचित रूप से भू-सम्पर्कित नहीं होते हैं।
C. विद्युत उपकरण बहुत शक्तिशाली होते हैं।
D. धारा, शरीर से प्रवाहित होती है जिससे क्षति होती है। ✓

Q125 Part B (Mechanic Tractor)

इंजन वाल्व के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

A. कैंषफ़्ट और उसके संबंधित भाग इंजन के प्रज्वलन के दौरान चिंगारी की ज्वाला को नियंत्रित करते हैं।
B. वाल्व का सिर 30-45 डिग्री के कोण पर पूरी तरह से स्थित होता है जो वाल्व सीट के साथ आदर्श रूप से फिट बैठता है, जिससे एक मजबूत सील बनती है। ✓
C. शंक्वाकार आकार वाले वाल्व इंजन में गैसों के प्रवेश के प्रवाह को नियंत्रित करते हैं।
D. पॉपेट या मशरूम (mushroom) वाल्व सामान्यत: अपनी उल्लेखनीय विशेषताओं के कारण दो स्ट्रोक इंजन में पाए जाते हैं।

Q126 Part B (Mechanic Tractor)

CI इंजन में संपीडन स्ट्रोक के बाद वायु का तापमान ____________।

A. उच्च होता है, लेकिन ईंधन को प्रज्वलित करने के लिए पर्याप्त नहीं होता, इसलिए ईंधन को प्रज्वलित करने के लिए स्पार्क प्लग का उपयोग किया जाता है
B. इतना अधिक होता है कि वह किसी बाह्य प्रज्वलन स्रोत के बिना भी ईंधन को स्वतः प्रज्वलित कर सकता है ✓
C. केवल परिवेश तापमान होता है
D. परिवेश तापमान से कम होता है

Q127 Part B (Mechanic Tractor)

जब इंजन चल रहा हो और क्लच इंगेज (engaged) हो, और क्लच शैफ्ट गियर (clutch shaft gear), ले शैफ्ट (lay shaft) के ड्राइव गियर को चलाता है और इस प्रकार ले शैफ्ट भी घूमता है और मुख्य शैफ्ट (main shaft) स्थिर रहता है क्योंकि मुख्य शैफ्ट में कोई भी गियर ले शैफ्ट गियर के साथ इंगेज नहीं होता है, तो कार में किस प्रकार का गियर लगाया जाता है?

A. टॉप गियर (Top gear)
B. न्यूट्रल गियर (Neutral gear) ✓
C. पहला गियर (First gear)
D. रिवर्स गियर (Reverse gear)

Q128 Part B (Mechanic Tractor)

भारत में कार्यस्थल सुरक्षा विनियमों को लागू करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा संगठन उत्तरदायी है?

A. पर्यावरण संरक्षण एजेंसी (EPA)
B. विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
C. खाद्य एवं औषधि प्रशासन (FDA)
D. महानिदेशालय, फैक्टरी सलाह सेवा और श्रम संस्थान (DGFASLI) ✓

Q129 Part B (Mechanic Tractor)

ड्राइंग इंस्ट्रूमेंट बॉक्स का उपयोग सभी ____________ उपकरणों (instruments) को ले जाने के लिए किया जाता है।

A. ड्राइंग (drawing) ✓
B. कास्टिंग (casting)
C. स्क्रीनिंग (screening)
D. ड्रिलिंग (drilling)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q130 Part B (Mechanic Tractor)

निम्नलिखित में से किस प्रकार के स्नेहक का उपयोग ठोस कणों के रूप में किया जाता है?

A. सिलिका

B. ग्रीस

C. ग्रेफाइट ✓

D. ठोस मोम

Q131 Part B (Mechanic Tractor)

किसी मूल ड्राइंग के लिए शीट का आकार चुनते समय, मुख्य रूप से किस पर विचार किया जाना चाहिए?

A. आवश्यक स्पष्टता और रिज़ॉल्यूशन। ✓

B. ड्राइंग का अभिविन्यास (क्षैतिज या ऊर्ध्वाधर)।

C. पुनरुत्पादन का आकार।

D. ड्राइंग ऑफिस का मानक आकार।

Q132 Part B (Mechanic Tractor)

विशिष्ट गुरुत्व का मात्रक क्या है?

A. g/cm^3

B. m/s^2

C. kg/m^3

D. कोई मात्रक नहीं है (विमाहीन) ✓

Q133 Part B (Mechanic Tractor)

पिस्टन और सिलिंडर की दीवार के बीच एक ट्यूब जैसी संरचना होती है जो सिलिंडर के अंदर वायु और ईंधन के प्रवाह को नियंत्रित करती है। इस वाल्व के किनारे एक छोटा सा छेद होता है जो सिलिंडर के छेद के साथ तुरंत जुड़ जाता है। इस वाल्व को __________ के रूप में जाना जाता है।

A. पोर्ट के रूप में वाल्व

B. बट्टरफ़्लाई वाल्व

C. स्लीव वाल्व ✓

D. पॉपेट वाल्व

Q134 Part B (Mechanic Tractor)

यदि किसी चालक में प्रवाहित धारा 5 A है तथा चालक का प्रतिरोध 10 ओम है, तो ओम के नियम के अनुसार चालक में वोल्टता कितनी होगी?

A. 50 V ✓

B. 10 V

C. 15 V

D. 5 V

Q135 Part B (Mechanic Tractor)

F-आकार के दहन कक्ष में, पेट्रोल इंजन में निम्नलिखित में से कौन-सा भाग सामान्यत: दहन कक्ष के विस्तारित भाग/पार्श्व पर स्थित **नहीं** होता है?

A. निर्गम वाल्व (Outlet valve)

B. कैमशाफ्ट (Camshaft) ✓

C. अंतर्गम वाल्व (Inlet valve)

D. स्फुलिंग प्लग (Spark plug)

Q136 Part B (Mechanic Tractor)

कार्यस्थल पर अपनी व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आपको क्या करना चाहिए?

A. चेतावनी के संकेतों और निर्देशों की उपेक्षा करें।

B. व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण पहनें। ✓

C. उपकरणों की जांच किए बिना जल्दबाजी में काम करें।

D. कार्यों को शीघ्रता से पूरा करने के लिए जोखिम उठाएं।

Q137 Part B (Mechanic Tractor)

माइक्रोमीटर समायोजन के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा चरण **गलत** है?

A. सेट स्क्रू ढूंढें और उसे ढीला करें।

B. फ्रिक्शन स्टॉप का उपयोग करके माइक्रोमीटर खोलें। ✓

C. बाहरी सिलेंडर के छेद में रिंच का बड़ा सिरा डालें।

D. सिलेंडर को घुमाने के लिए रिंच का उपयोग जब तक करें जब तक कि शून्य संरेखित न हो जाए।

Q138 Part B (Mechanic Tractor)

सिलेंडर में पिस्टन वलय अंतिम अंतराल (end gap) की माप के लिए निम्नलिखित में से किस यंत्र का उपयोग किया जाता है?

A. फीलर गेज ✓

B. माइक्रोमीटर

C. डायल गेज

D. वर्नियर कैलिपर

Q139 Part B (Mechanic Tractor)

एयरलाइन उद्योगों में निम्नलिखित में से किस प्रकार के स्नेहक तेलों का उपयोग किया जाता है?

A. ग्रीस और मधुमोम स्नेहक

B. बायोडीजल स्नेहक

C. सिंथेटिक स्नेहक ✓

D. प्राकृतिक पेट्रोलियम स्नेहक

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q140 Part B (Mechanic Tractor)

जब दाब प्लेट की स्थिति इस प्रकार होती है कि क्लच की कुशन कमानी संपीड़ित **नहीं** होती है, तो निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है?

A. यह संलग्नता प्रावस्था में होता है।

B. क्लच बंद हो जाता है।

C. क्लच खुल जाता है। ✓

D. यह आंशिक संलग्नता प्रावस्था में होता है।

Q141 Part B (Mechanic Tractor)

निम्नलिखित में से कौन-सी हस्त-चालित ड्रिलिंग मशीन 6 mm तक के छोटे व्यास के छेदों को ड्रिल करने के लिए उपयोग की जाती है?

A. बेवल गियर टाइप ड्रिलिंग मशीन (Bevel gear type drilling machine) ✓

B. ब्रेस्ट ड्रिलिंग मशीन (Breast drilling machine)

C. रैचेट ड्रिलिंग मशीन (Ratchet drilling machine)

D. इलेक्ट्रिक हैंड ड्रिल (Electric hand drill)

Q142 Part B (Mechanic Tractor)

डीजल इंजन में, ऊष्मा की आपूर्ति निम्नलिखित में से किस ऊष्मागतिक प्रक्रम में की जाती है?

A. रुद्धोष्म संपीडन प्रक्रम में

B. स्थिर आयतन प्रक्रम में

C. स्थिर ताप प्रक्रम में

D. स्थिर दाब प्रक्रम में ✓

Q143 Part B (Mechanic Tractor)

इलेक्ट्रॉनिक परिपथों में, अन्य प्रकार के ट्रांजिस्टरों की तुलना में MOSFETs के उपयोग का मुख्य लाभ क्या है?

A. BJT की तुलना में उच्च वोल्टता और धाराओं को संभालने की क्षमता।

B. AC और DC दोनों सिग्नल के प्रवर्धन की क्षमता।

C. उच्च आवृत्ति अनुक्रिया।

D. उच्च इनपुट प्रतिबाधा और निम्न शक्ति-उपभोग। ✓

Q144 Part B (Mechanic Tractor)

संपीडन अनुपात का वह सीमांत मान क्या है जिस पर सामान्यतः पेट्रोल इंजन कार्य करता है?

A. संपीडन अनुपात = 6

B. संपीडन अनुपात = 14

C. संपीडन अनुपात = 8 ✓

D. संपीडन अनुपात = 22

Q145 Part B (Mechanic Tractor)

वेग-समय ग्राफ में, ऋणात्मक प्रवणता ______ को निरूपित करती है।

A. त्वरण

B. दूरी

C. विस्थापन

D. मंदन ✓

Q146 Part B (Mechanic Tractor)

निम्नलिखित में से कौन-सा डिजाइन, कनेक्टिंग रॉड कवर और कनेक्टिंग रॉड बॉडी के संपर्क सर्पण और अक्षीय मिसप्लेसमेंट को प्रभावी रूप से रोकता है?

A. ऋजु कट डिजाइन (Straight cut design)

B. तिर्यक कट डिजाइन (Obliquely cut design) ✓

C. अंडाकार कट डिजाइन (Oval cut design)

D. वक्ररेखी कट डिजाइन (Curvilinear cut design)

Q147 Part B (Mechanic Tractor)

निम्न में से कौन-सी रेती, संकीर्ण खांचे और 10° से अधिक के कोण को रेतन करने के लिए उपयोग की जाती है?

A. क्षुर-धार रेती ✓

B. त्रिकोण-रेती

C. चौरस रेती

D. अर्धगोल रेती

Q148 Part B (Mechanic Tractor)

रबर के अंदर होने वाले घर्षण से प्रति इकाई विरूपण में ऊर्जा हानि का प्रतिशत, जो रबर में ऊष्मा उत्पादित करता है, और तापमान के संदर्भ में मापा जाता है, उसे _____ के रूप में जाना जाता है।

A. शैथिल्य (hysteresis) ✓

B. प्रतिस्थितित्व (resilience)

C. क्रीप (creep)

D. प्रतिबल-विकृति परीक्षण (stress-strain test)

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▶ Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Q149 Part B (Mechanic Tractor)

वह तंत्र जो नोदक शैफ्ट के पावर को पश्च धुरी में विभक्त कर सकता है और वाहन के मुड़ने पर पीछे के पहियों की चाल में परिवर्तन उत्पन्न कर सकता है, क्या कहलाता है?

- A. इंटीग्रल यूनिट (integral unit)
- B. ऑटोमैटिक क्लच यूनिट (automatic clutch unit)
- C. टॉर्क कन्वर्टर (torque convertor)
- D. डिफरेंशियल यूनिट (differential unit) ✓

Q150 Part B (Mechanic Tractor)

IC इंजन के किस भाग में सिलेंडर आस्तरक (liners) लगे होते हैं?

- A. सिलेंडर ब्लॉक ✓
- B. क्रैंककेस
- C. पिस्टन
- D. सिलेंडर हेड

Q151 Part B (Mechanic Tractor)

निम्नलिखित में से कौन-सी विधि, आंतरिक दहन इंजन में, विशेष रूप से संवृष्ट इंजन कोष्ठ में, क्रैंकशैफ्ट जर्नल के चारों ओर संयोजी दंड को फिट करने के लिए अधिक कुशल तरीका प्रदान करके आसान समन्वायोजन और विसमन्वायोजन में मदद करती है?

- A. संयोजी दंड पर रैखिक रूप से स्मॉल एंड ट्रिमिंग (small end trimming)
- B. संयोजी दंड पर लंबकोणीय रूप से बिग एंड स्प्लिट (big end split)
- C. संयोजी दंड पर रैखिक रूप से स्मॉल एंड यूनियन (small end union)
- D. संयोजी दंड पर तिर्यक रूप से बिग एंड स्प्लिट (big end split) ✓

Q152 Part B (Mechanic Tractor)

लेड-एसिड बैटरी (lead-acid battery) में, विसर्जन के दौरान धनात्मक पट्टिका के लिए प्रयुक्त सामग्री का रासायनिक संघटन क्या है?

- A. लेड (Pb)
- B. सल्फ्यूरिक अम्ल (H_2SO_4)
- C. लेड सल्फेट ($PbSO_4$) ✓
- D. लेड डाइऑक्साइड (PbO_2)

Q153 Part B (Mechanic Tractor)

BIS SP 46-2003 के अनुसार, इंजीनियरी ड्राइंग में निम्नलिखित में से कौन-सा अनुप्रयोग चेन-पतली रेखा (chain-thin line) द्वारा सही ढंग से दर्शाया जाता है?

- A. छिपे हुए कोर (Hidden edges)
- B. केंद्र रेखाएँ (Center lines) ✓
- C. विमा रेखाएँ (Dimension lines)
- D. दृश्यमान कोर (Visible edges)

Q154 Part B (Mechanic Tractor)

ओममीटर का उपयोग करके किसी प्रतिरोधक का प्रतिरोध मापते समय शून्य प्रतिरोध का पाठ्यांक क्या दर्शाता है?

- A. प्रतिरोधक विवृत परिपथित है।
- B. प्रतिरोधक, लघु परिपथित है। ✓
- C. ओममीटर ख़राब है।
- D. प्रतिरोधक सामान्य रूप से कार्य कर रहा है।

Q155 Part B (Mechanic Tractor)

चतुः स्ट्रोक डीजल इंजन के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन **गलत** है?

- A. C.I. इंजन में, स्ट्रोक के दौरान वायु-ईंधन मिश्रण का चूषण होता है और ईंधन को संपीडन स्ट्रोक के अंत के निकट सिलेंडर में अंतः क्षेपित किया जाता है। ✓
- B. C.I. इंजन में, स्ट्रोक के दौरान केवल वायु को चूषण होता है और ईंधन को संपीडन स्ट्रोक के अंत के निकट सिलेंडर में अंतः क्षेपित किया जाता है।
- C. पेट्रोल और डीजल दोनों इंजनों में चक्रों में चूषण, संपीडन, प्रज्वलन, प्रसरण और रेचन सम्मिलित होते हैं।
- D. C.I. इंजन (या डीजल इंजन) का प्रचालन व्यावहारिक रूप से S.I. इंजन के समान ही होता है।

Q156 Part B (Mechanic Tractor)

पेट्रोल इंजन में उपयोग किए जाने वाले I-शीर्ष दहन कक्ष की निम्नलिखित में से कौन-सी विशेषता सही **नहीं** है?

- A. I-शीर्ष में बड़े वाल्व या वाल्व उत्थान से उच्च आयतनिक दक्षता होती है।
- B. I-शीर्ष में ज्वालाग्रसरण की लंबाई कम होती है और इसलिए आघात से अधिक स्वतंत्रता होती है।
- C. I-शीर्ष उच्च संपीडन अनुपात पर L-शीर्ष इंजन से बेहतर है।
- D. I-शीर्ष में सतह से आयतन अनुपात अधिक होता है और इसलिए ऊष्मा का नुकसान अधिक होता है। ✓

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ▸ Download Now on Google Play

Q157 Part B (Mechanic Tractor)

निर्वात अभिवर्धक, निर्वात कब बनाता है?

A. जब ईंधन का स्तर निम्न हो

B. जब ब्रेक लगाया जाए

C. जब इंजन बंद हो और ब्रेक लगाया जाए

D. जब इंजन चल रहा हो और ब्रेक न लगाया जाए ✓

Q158 Part B (Mechanic Tractor)

$\cos\theta$

A. $\frac{5}{4}$

B. $\frac{3}{4}$

C. $\frac{3}{5}$

D. $\frac{4}{5}$ ✓

Q159 Part B (Mechanic Tractor)

$(\frac{3}{8}) + (\frac{5}{12})$

A. $\frac{17}{24}$

B. $\frac{19}{24}$ ✓

C. $\frac{8}{20}$

D. $\frac{7}{12}$

Blackbook

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

Q160 Part B (Mechanic Tractor)

यांत्रिक दक्षता के संदर्भ में क्रैंकशाफ्ट पर विकसित शक्ति के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा व्यंजक सही है?

मान लीजिए BP - ब्रेक शक्ति, IP - संकेतित शक्ति है।

A. IP = यांत्रिक दक्षता X PB

B. $BP = \frac{(\text{यांत्रिक दक्षता} + IP)}{100}$

C. BP = IP X यांत्रिक दक्षता ✔

D. $BP = \frac{\text{यांत्रिक दक्षता}}{IP}$

Blackbook

Blackbook Vocabulary — Now in the App! ► Download Now on Google Play

generated by rank.qmaths.in

Part A

100 Questions • Answer Key

Q1 Part A

एक निश्चित कूट भाषा में, 'BOAT' को '8654' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'AIDS' को '3517' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

A. 3
B. 5 ✓
C. 8
D. 6

Q2 Part A

